- bordernewsmirror@gmail.com
- पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
- द्विभाषिक समाचार पत्र

BORDER NEWS MIRROR BNM to the point...

02 गिरिराज ने रैली रद्द होने पर कसा तंज, बोले-रोने का मन हुआ तो आंख में गड़ी खूंटी

04 चिरैया व रक्सौल के थानाध्यक्ष बदले, छह थानेदार लाइन हाजिर

# बॉर्डर न्यूज मिरर



...खबरों से समझौता नहीं

● पटना, शनिवार, 16 दिसम्बर 2023 | www.bordernewsmirror.com | ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए ● वर्ष: 04, अंक: 304


## शिक्षक भर्ती परीक्षा के आखिरी दिन दो गिरफ्तार

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी)की ओर से आयोजित शिक्षक बहाली के दूसरे चरण की परीक्षा शुक्रवार को संपन्न हो गई अंतिम दिन 11वीं और 12वीं के सभी विषयों की परीक्षा ली गई। वहीं दूसरे के बदले परीक्षा देते दो अभ्यर्थियों को पकड़ा गया। एक पाली में ली गयी परीक्षा में 90 फीसदी अभ्यर्थी उपस्थित रहे। कुल 1,09,154 अभ्यर्थियों ने परीक्षा फॉर्म भरा था। अंतिम दिन राज्यभर से दूसरे के बदले परीक्षा देते दो अभ्यर्थी पकड़े गये। इसमें दरभंगा से एक और मुजफ्फरपुर से एक अभ्यर्थी शामिल है। आयोग के अनुसार राज्य भर में परीक्षा शांतिपूर्ण रही। दूसरे चरण की परीक्षा सात दिसंबर से शुरू हुई। प्रथम पाली दस से 12.30 बजे तक और द्वितीय पाली 2.30 बजे से पांच बजे तक आयोजित की गयी। शेष आठ से 15 दिसंबर तक की परीक्षा एक पाली में प्रत्येक दिन आयोजित की गई। सबसे ज्यादा आठ दिसंबर को 2 लाख 23 हजार 506 अभ्यर्थी शामिल थे।

# चुनावी हार की हताशा में संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा विपक्ष: अनुराग ठाकुर

**बीएनएम@नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी दल विधानसभा चुनाव में हार पर चिंतन करने की बजाय इसकी हताशा में संसद की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं। विपक्षी दलों के इस रवैए से स्पष्ट है कि उनका जनता के साथ जुड़ाव समाप्त हो चुका है।

दिल्ली के नजफगढ़ में भाजपा किसान मोर्चा की जिला स्तरीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों से कहा कि संसद सुरक्षा की जिम्मेदारी सचिवालय की है। लोकसभा स्पीकर ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर उनसे बात की और उनके सुझाव भी लिए। विपक्ष को चाहिए था कि वह अपने सुझाव या बदलाव इस बैठक में रखते। असल बात ये है कि तीन राज्यों की हार से विपक्ष आज मुद्दाविहीन है और उनके हौसले पस्त हो चुके हैं। वे अब सिर्फ सदन में हंगामे के दम पर जनहित के कार्यों को रोकने में लगे हैं।



इस मौके पर खिलाड़ियों से सार्थक परिचर्चा करते हुए ठाकुर ने कहा कि आज भारत में चारों ओर खेल सुविधाओं का विस्तार हो रहा है और पूरे विश्व में भारत की जय-जयकार हो रही है।

खेलों के क्षेत्र में भारत नित नये कीर्तिमान बना रहा है और इसका पूरा श्रेय हमारे खिलाड़ियों की मेहनत और खेलों के विकास को लेकर मोदी सरकार की नीतियां हैं। आज पूरे भारत में विभिन्न खेल आयोजनों-प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों को खेलने-निखरने का मंच मिल रहा है। उन्होंने भाजपा किसान मोर्चा की इस पहल की सराहना भी की।

## केंद्रीय विद्यालयों ने देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : प्रधानमंत्री

**बीएनएम@नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय की हीरक जयंती के अवसर पर छात्रों, कर्मचारियों, सहायक कर्मचारियों और पूर्व छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालयों ने देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि केन्द्रीय विद्यालय परिवार के सभी छात्रों, कर्मचारियों, सहायक कर्मचारियों और पूर्व छात्रों को उनकी हीरक जयंती पर बधाई। यह इस प्रतिष्ठित शैक्षिक समुदाय की उल्लेखनीय उपलब्धियों का जश्न मनाने और प्रशंसा करने का अवसर है। पिछले कुछ वर्षों में, केंद्रीय विद्यालयों ने कई छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके हमारे देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शैक्षणिक उत्कृष्टता और छात्रों के समग्र विकास में उनका योगदान वास्तव में सराहनीय है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विद्यालय संगठन हर साल 15 दिसंबर को अपना स्थापना दिवस मनाता है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना वर्ष 1963 में केवल 20 रेजिमेंटल स्कूलों के साथ की गई थी।

## झारखंड में पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के पांच ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

**रांची (झारखंड)**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम शुक्रवार को जेल में बंद पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के राज्य के खूंटी स्थित पांच ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। एनआईए की टीम जहां छापेमारी कर रही है, वे सभी दिनेश गोप के उग्रवादी गतिविधि से जुड़े हैं। उग्रवादियों और नक्सलियों के एक बड़े नेटवर्क पर मिले इनपुट के बाद के एनआईए ने यह कार्रवाई की है। इसके अलावा बिहार, दिल्ली और मध्यप्रदेश में कुल 26 ठिकानों पर एनआईए की रेड जारी है।



उल्लेखनीय है कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआईए ने 21 मई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद ट्रांजिट रिमांड पर विमान से रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाया गया था। दिनेश गोप के खिलाफ झारखंड, बिहार और ओडिशा में हत्या, अपहरण, धमकी, जबरन वसूली और पीएलएफआई के लिए धन जुटाने से संबंधित 102 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। झारखंड पुलिस ने दिनेश गोप पर 25 लाख और एनआईए ने पांच लाख का इनाम घोषित किया था।

**परिवर्तन** सरकार ने मंजूर किये 64 हजार करोड़, बदले जाएंगे राडार, सेंसर और एवियोनिक्स

# अब सुखोई-30 भारतीय जेट हो जाएगा: वायु सेना प्रमुख

नई दिल्ली। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से अपग्रेड होने के बाद लड़ाकू सुखोई-30 रूसी जेट नहीं रहेगा बल्कि 78 फीसदी स्वदेशी हो जायेगा। पहले चरण में 84 सुखोई-30 को बड़े पैमाने पर अपग्रेड किया जाएगा, ताकि आने वाले वर्षों में इसे अन्य भारतीय निर्मित विमानों के साथ काम करने के लिए 4.5 से अगली पीढ़ी का जेट बनाया जा सके। सरकार ने इसके लिए 64 हजार करोड़ रुपये मंजूर किये हैं, जिससे राडार, मिसाइल, सेंसर और एवियोनिक्स बदला जाना है।

केंद्र सरकार ने लम्बे इंतजार के बाद 30 नवम्बर को 2.23 लाख करोड़ रुपये के विभिन्न पूंजीगत अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) के संबंध में मंजूरी दी थी। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की इसी बैठक में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल से स्वदेशी तौर पर सुखोई-30 एमकेआई विमान को अपग्रेड करने के लिए मंजूरी दी है। मंजूर किये गए 64 हजार करोड़ रुपये से 84 लड़ाकू सुखोई-30 विमानों को अपग्रेड किया जाना है। सुखोई की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए इसमें ऐसा राडार, नये इंजन, आईआरएसटी सेंसर अगली पीढ़ी के आरडब्ल्यूआर, एडवांस जैमर, वैमानिकी, नए ईडब्ल्यू सूट, डीएफसीसी, भारतीय मिसाइलें और बम लगाए जाने हैं।

वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी ने एक समारोह में कहा कि एचएएल में अपग्रेड होने के बाद सुखोई-30 अब रूसी जेट नहीं रहेगा, बल्कि 78 फीसदी स्वदेशीकरण होने के बाद भारतीय जेट में बदल जायेगा।

वायु सेना ने सुखोई लड़ाकू विमानों को उन्नत करने का काम शुरू कर दिया है। चौधरी ने कहा कि वायु सेना के मिराज-2000, सुखोई-30 एमकेआई और मिग 29 विमान 30 से 35 साल पुराने हैं। इनकी कुछ तकनीक पुरानी हो रही है। यह तीसरी पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं, इसलिए इन्हें पांचवीं पीढ़ी या नवीनतम तकनीक के साथ अपग्रेड करना जरूरी हो गया है। फिलहाल भारतीय वायुसेना ने खुद ही मिराज-2000 और मिग-29 लड़ाकू बेड़े को उन्नत किया है।

उन्होंने रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास संघर्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि इनसे सबक लिया जा सकता है कि भविष्य के युद्ध आयातित हथियारों से नहीं लड़े जा सकते। हमें अपनी हथियार प्रणालियों, विशेषकर वायु प्रक्षेपण रक्षा को स्वदेशी बनाना होगा। हमने ड्रोन का मुकाबला करने के लिए स्वदेशी वायु रक्षा प्रणालियों को शामिल किया है। हालांकि, हाइपरसोनिक खतरे का मुकाबला करने के लिए हमारे पास अभी भी प्रभावी तकनीक नहीं है लेकिन हमने ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' को शामिल किया है।

## डर के बिना फैसला सुनाएं जज: न्यायमूर्ति संजय

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ जज न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने शुक्रवार को कहा कि जजों को निर्भिक होना चाहिए क्योंकि उन्हें संवैधानिक संरक्षण प्राप्त है। न्यायमूर्ति कौल ने सुप्रीम कोर्ट में अपने अंतिम कार्य दिवस पर कहा कि यदि संवैधानिक संरक्षण प्राप्त जज निर्भीकता नहीं दिखाते हैं, तो हम प्रशासन में अन्य लोगों से ऐसा करने की उम्मीद नहीं कर सकते।

न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बिना किसी डर या पक्षपात के न्याय किया है और उन्हें लगता है कि न्याय का यह मंदिर हमेशा खुला रहना चाहिए। साथ ही कहा कि मेरा मानना है कि एक जज की निर्भीकता एक बहुत महत्वपूर्ण कारक है। जज यदि अपने पास मौजूद संवैधानिक संरक्षण के साथ निर्भिकता को प्रदर्शित करने में सक्षम नहीं हैं, तो हम प्रशासन के अन्य तंत्रों से ऐसा करने की उम्मीद नहीं कर सकते।

संक्षिप्त समाचार

### लौह पुरुष सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

पटना। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर राजकीय समारोह का आयोजन पटेल चौक, चितकोहरा पुल के निकट सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा प्रांगण में किया गया। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।
इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती-पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। साथ ही उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके त्याग, बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा की सुरक्षा के लिए कालचक्र मैदान के पास बना अस्थाई थाना

पटना। एक महीने के प्रवास पर शुक्रवार को बिहार के बोधगया आये तिब्बत के बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने खास तैयारी की है। उनकी सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कालचक्र मैदान के पास अस्थाई थाना बनाया गया है। इसके अलावा कंट्रोल रूम की भी व्यवस्था की गयी है। थाने का उद्घाटन गया के एसएसपी एवं जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया। अधिक तैयारी की बात करें तो महाबोधी मंदिर और कालचक्र मैदान में जाने की सुविधा को देखते हुए दलाई लामा के लिए एक ई रिक्शा भी खरीदा गया है। तिब्बत के बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा कल यानी शनिवार के कार्यक्रम के अनुसार वह अहले सुबह विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध के प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद पुन तिब्बत बौद्ध मठ के लिए रवाना होंगे।

# गंगाजल आपूर्ति योजना का लोकार्पण

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भगिरथी प्रयास अब नवादा में भी हो रहा साकार

बीएनएम@पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा में शुक्रवार को गंगाजल की आपूर्ति के लिए हुए कार्यों का लोकार्पण किया। गंगा उद्भव योजना के तहत बिहार के जल संकट से जूझते जिलों में गंगा जल आपूर्ति करने की योजना का एक और चरण सफल हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भगिरथी प्रयास अब नवादा में भी साकार हो गया है। सीएम नीतीश ने नवादा में गंगा जल आपूर्ति योजना का लोकार्पण किया। कभी पानी के संकट से जूझने वाले नवादा में अब लोगों के घरों तक गंगा जल की आपूर्ति शुरू हो गई है।

लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नवादा जिले के पौरा गांव आज पहुंचे। उन्होंने गांव स्थित नव निंमित शोधित जलसंयंत्र परिसर में गंगा जल आपूर्ति योजना का लोकार्पण किया। इसके साथ ही नवादा नगर को एक बड़ी सौगात दी। नगर के 17 वार्डों के 13 हजार 965 घरों में प्रतिदिन गंगा जल की



आपूर्ति घरेलू कार्यों के लिए कर दी गई है। मौके पर जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा और उद्योग मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री समीर कुमार महासेठ उपस्थित रहे।

पटना जिले में मोकामा के हाथीदह से पाइप लाइन के जरिए राजगीर के समीप पहले गंगा जल को लाया गया है।यहां से नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड मोतनाजे गांव स्थित डिटेंशन कैंप तक गंगा जल लाया गया। इसके बाद 20 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए नवादा के पौरा गांव स्थित शोधित जल संयंत्र तक गंगा का पानी लाया गया। पौरा गांव से करीब 13 किलोमीटर दूरी तय करते हुए नवादा नगर में लोगों के घरों तक गंगा का पानी पहुंचाया जाएगा। इसके पहले राजगीर, गया व बोधगया में लोगों के घरों तक गंगा का पानी पहुंचाया जा रहा है।

इस साल पितृपक्ष मेला व राजगीर मलमास मेला भी लोगों को पेयजल के रूप में गंगा जल उपलब्ध कराया गया। मौके पर डीएम आषुतोष कुमार वर्मा, एसपी अंबरीष राहुल, विधायक विभा देवी, नीतू देवी, प्रकाशवीर, अशोक यादव, पूर्व विधायक कौशल यादव, पूर्व एमएलसी सह जदयू जिलाध्यक्ष सलमान रागीब, राजद जिलाध्यक्ष उदय यादव, कांग्रेस सतीश कुमार मंटन आदि उपस्थित रहे।

कई अधिकारियों को किया सम्मानित : पौरा गांव पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जल संसाधन विभाग के कई अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। योजना को धरातल पर उतारने में अपना योगदान देने वाले जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद समेत दर्जन भर अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सीएम अपने ड्रीम प्रोजेक्ट से काफी खुश नजर आए।

**ग्रामीणों में उत्साह :**

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। फलस्वरूप आमजन आयोजन से पूरी तरह दूर रहे। केवल पास दिखाने वाले लोगों को परिसर के भीतर जाने की अनुमति थी। गांव में आयोजन होने के बाद पौरा के ग्रामीण पूरी तरह अलग-थलग नजर आए। हालांकि सीएम के वापस जाते ही ग्रामीणों की भीड परिसर के अंदर घुस गई।

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने जदयू की बनारस रैली रद्द होने पर कसा तंज, बोले–रोने का मन हुआ तो आंख में गड़ी खूंटी

बीएनएम@पटना

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 24 दिसम्बर को वाराणसी में प्रस्तावित रैली रद्द होने पर तंज कसा है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि गांव की एक कहावत है, रोने का मन हुआ तो आंख में गड़ी खूंटी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी यही हाल है। इनको आदमी तो बनारस में जुटता नहीं है। इसलिए रैली को रद्द कर दिया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 24 दिसम्बर को वाराणसी में रैली प्रस्तावित थी लेकिन जदयू ने आरोप लगाया कि यूपी की भाजपा सरकार के दबाव में कॉलेज प्रशासन ने उन्हें



जगह नहीं दी। इसी करण रैली रद्द हुई है। अब गिरिराज ने जदयू के दावों को हास्यास्पद बताते हुए नीतीश कुमार पर घोड़ा के साथ-साथ बेंग (मेढ़क) के पैर में नाल ठोकना चरितार्थ होने की बात कही है।

बिहार में अडानी समूह के निवेश प्रस्तावों पर गिरिराज ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राहुल गांधी और इंडी गठबंधन की बचकानी हरकत है कि वे अडानी पर आरोप लगाते हैं। राजस्थान में जब अशोक गहलोत की सरकार थी तब अडानी ने वहां 60 हजार करोड़ का निवेश किया। छत्तीसगढ़ में बघेल सरकार थी तो 50 हजार करोड़ रुपये से ऊपर का निवेश हुआ। यह इन्वेस्टमेंट ले रहे हैं वहां अडानी नहीं दिख रहा है जब अडानी को गाली देना तो पीएम मोदी पर निशाना साधते हैं। पीएम मोदी के खिलाफ में उनके पास कुछ नहीं है। इसलिए मोदी के खिलाफ में नए-नए टूल किट लाते हैं ताकी उन्हें बदनाम किया जा सके।

### बिहार से मुंबई जाने वाली पवन एक्सप्रेस के एसी टू टायर कोच में लगी आग

**पटना।** बिहार के मधुबनी जिले में शुक्रवार को जयनगर से मुंबई जाने वाली पवन एक्सप्रेस के एसी टू टायर कोच में आग लग गई। रेलकर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते आग बुझा लिया। आग लगने की सूचना पर यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बताया गया है कि ट्रेन मुंबई जाने के लिए प्लेटफॉर्म पर खड़ी थी। एक बजे ट्रेन के खुलने का समय था। इस बीच ट्रेन के एसी कोच में आग लग गई। इससे स्टेशन पर अफरा-तफरा मच गई। आनन-फानन में यात्रियों को खिड़की तोड़कर सुरक्षित निकाला गया। बाद में आग लगने वाली बोगी को अगल कर ट्रेन को रवाना किया गया। इसके बाद यात्रियों की जान में जान आई। जानकारी के अनुसार, ट्रेन के मेंटेनेंस का काम मुंबई में होता है। जयनगर में सिर्फ पानी लोड और साफ-सफाई की जाती है। वाशिंग मुंबई में होती है। इलेक्ट्रिक चेक हुई थी या नहीं अभी इसकी जानकारी नहीं मिली है। रेल प्रशासन घटना के कारणों की जांच-पड़ताल कर रहा है।

### पश्चिम चंपारण मे पुलिस मुठभेड़ एक अपराधी घायल एवं एक गिरफ्तार

**बेतिया।** पुलिस ज़िला के साठी थाना अंतर्गत मुशहरवा गांव में शुक्रवार की सुबह पुलिस और अपराधी के बीच गोली चलने की सूचना है। इसमें एक अपराधी भूतनाथ चौबे उर्फ भास्कर चौबे के पैर में गोली लगी है। पुलिस उसके सहयोगी निर्भय गिरी व चौबे को हिरासत में लेकर इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चनपटिया भेज दी। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया गया है। घायल की पहचान थाना क्षेत्र के परोराहा गांव निवासी भूतनाथ चौबे के रूप में की गई है। वही एक अन्य सहयोगी की पहचान झापस गिरी के पुत्र निर्भय गिरी के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। मिली जानकारी के अनुसार मुखिया, पंचायत समिति, सरपंच व आरोपी के बीच विगत कई दिनों से विवाद चल रहा था।

## दानापुर कोर्ट कैंपस में कैदी की गोली मारकर हत्या

बीएनएम@पटना

बिहार के दानापुर कोर्ट कैंपस में बंदी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक कैदी को बेऊर जेल से पेशी के लिए दानापुर सिविल कोर्ट लाया गया था. इसी बीच, अपराधियों ने उसे गोली मार दी।

घटना के बाद मौके से भाग रहे दो अपराधियों को स्थानीय लोग और पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया। मृतक कैदी की पहचान अभिषेक कुमार (25) उर्फ छोटे सरकार के रूप में की गई है।

बताया जाता है कि मृतक कैदी अभिषेक कुमार को शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा में बेऊर जेल से दानापुर सिविल कोर्ट पेशी के लिए लाया जा रहा था, तभी कोर्ट कैंपस में उसे गोली मारी गई।

स्थानीय लोगों की माने तो जैसे ही कैदी (छोटे सरकार) कोर्ट पहुंचा, पहले से घात





लगाए अपराधियों ने उसके सीने में 6 गोली दाग दी। इस दौरान वो जमीन पर गिर गया। जब तक स्थानीय लोग उसे अस्पताल लेकर जाते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

वहीं घटना को अंजाम देने के बाद भाग रहे दो बदमाशों को कोर्ट कैंपस में तैनात पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने दबोच लिया। साथ ही मौके से पुलिस ने पिस्टल और खोखा भी बरामद किया हैं।

वारदात के वक्त मृतक कैदी के साथ पांच पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। इसके बावजूद बदमाशों ने कैदी की दिनदहाड़े कोर्ट परिसर में हत्या कर दी। कोर्ट परिसर में अचानक हुई गोलीबारी से दहशत का माहौल हो गया।

घटना की जानकारी मिलने का पटना पश्चिम सिटी एसपी और आसपास के कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।


कवि जाँच घर
Mob.:7033441319 Tollfree: 1800 3099 895
Address : Bhawanipur Zirat, Motihari, East Champaran-845401
website: www.kavidiagnostics.com | email: drsanjaykumar63@gmail.com
डॉ.संजय कुमार
MBBS (DAR)
MD (Microbiology)



# पंचायत उपचुनाव : पंसस पद को लेकर पाँच लोगों ने किया नामांकन

**बीएनएम@केसरिया**

प्रखण्ड क्षेत्र के दो पंचायतों में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए एक पंसस व दो पंच के पद को लेकर मतदान 28 दिसंबर को होगा। इस उपचुनाव में नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्य पद के लिए ढेकहाँ पंचायत से पाँच प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया।

इनमें हरेंद्र कुमार महतो, सुब्बा सहनी, शशिभूषण कुमार सिंह, मानती देवी व अनुपमा देवी शामिल है। ज्ञात हो कि ढेकहाँ के पंचायत समिति सदस्य विपुल कुमार सिंह का करीब तीन माह पहले हृदयघात से निधन हो गया। जिसके बाद उक्त सीट पर उप चुनाव कराया जा रहा है। इस उप चुनाव में स्व सिंह की पत्नी अनुपमा देवी ने भी नामांकन दाखिल किया है। वहीं ढेकहाँ पंचायत के वार्ड दो से पंच पद के लिए शोभा देवी व पश्चिमी सुन्दरापुर पंचायत के वार्ड छः से पंच पर के लिए राजेश्वर साह ने नामजदगी पर्चा भरा है। बीडीओ सह आरओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि प्राप्त नामांकन पत्र की 16 से 18 दिसंबर तक संवीक्षा की जाएगी। वहीं 20 दिसंबर को नाम वापसी व प्रतीक चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 28 दिसंबर को उप चुनाव को लेकर वोट डाले जाएंगे। जिसकी मतगणना 30 दिसंबर को होगी।

## एलएनडी कॉलेज में पीजी बिल्डिंग का उद्घाटन आज

मोतिहारी। शहर के लक्ष्मी नारायण दूबे महाविद्यालय में बीआरए बिहार विश्वविद्यालेय के कुलपति प्रो.(डॉ.) शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी के कर-कमलों द्वारा नवनिर्मित पीजी बिल्डिंग का आज उद्घाटन किया जाएगा। प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरूण कुमार ने बताया कि कुलपति प्रो.(डॉ.) शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। बीसीए विभाग द्वारा आयोजित साइबरण्य-23 के तकनीकी सत्र को भी संबोधित करेंगे। इस अवसर पर बीआरएबीयू कुलसचिव प्रो.(डॉ.) संजय कुमार, बीआरएबीयू परीक्षा नियंत्रक प्रो.(डॉ.) टी.के.देव और बीआरएबीयू सीसीडीसी प्रो.(डॉ.) अमिता शर्मा की भी गरिमामयी उपस्थिति की संभावना है। मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभाकर कुमार के अनुसार यहां बीआरएबीयू मुजफ्फरपुर की अनुशंसा उपरांत शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा सत्र 2023-25 से भौतिकी, रसायन विज्ञान, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं हिंदी सहित कुल सात विषयों में स्नातकोत्तर पढ़ाई प्रारंभ करने की मंजूरी प्रदान की गई है।

# नवविवाहिता की हत्या कर शव जलाने का आरोप

### मामले में पति सहित छः नामजद, तीन गिरफ्तार

**बीएनएम@केसरिया।** दहेज के लिए ससुराल वालों पर नवविवाहित की हत्या कर शव जला देने का आरोप लगा है। मामला थाना क्षेत्र के मठिया वार्ड नम्बर 10 की है। मामले में पुलिस ने पति सहित तीन को हिरासत में लिया है। मृतका की माँ मुजफ्फरपुर जिले के देवरिया थाना अंतर्गत मोहब्ब्तपुर निवासी मालती देवी ने मामले में छः लोगों को आरोपित करते प्राथमिकी दर्ज करायी है। बताया है कि बड़ी पुत्री पुष्पा कुमारी (22) की शादी वर्ष 2021 में मठिया वार्ड 10 के सूरज सिंह के साथ की थी। शादी के कुछ दिनों बाद चारपहिया वाहन व तीन लाख रुपया की माँग की जाने लगी। जिसे पूरा नहीं करने पर ससुराल वालों द्वारा पुष्पा के साथ मारपीट की जाने लगी। जिसकी जानकारी पुष्पा अपने मायके वालों को देती रहती थी। आवेदिका ने बताया है कि 14 दिसंबर की रात पुत्री ने बताया कि पूरे परिवार का लोग उसके साथ मारपीट किया है। अगले दिन सुबह सूरज का कॉल आया कि पुष्पा का तबियत खराब है। जिसकी सूचना पर मठिया आने पर जानकारी हुई कि ससुराल वालों ने पुत्री की हत्या कर शव जला दिया है। मृतका को एक वर्ष का एक पुत्र है। पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि घटना में मृतका की माँ के आवेदन पर पति सहित छः के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति सूरज सिंह, ससुर प्रमोद पटेल व सास सुधा देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# टेक्निकल फेस्ट साइबरण्य 2.0 का हुआ शुभारंभ



मोतिहारी। शहर के लक्ष्मी नारायण दूबे महाविद्यालय में बीसीए विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार एवं बीसीए समन्वयक डॉ.पिनाकी लाहा के संयुक्त सौजन्य से द्विदिवसीय एनुअल टेक्निकल फेस्ट साइबरण्य 2.0 का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बुद्धि के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि व्यक्ति बुद्धि के बदौलत ही अपनी सामाजिक-आर्थिक तरक्की करता है। बीसीए समन्वयक डॉ.पिनाकी लाहा ने बताया कि केवल मोतिहारी ही नहीं दूसरे शहरों के प्रतिभागी भी इस एनुअल टेक्निकल फेस्ट में शामिल हो रहे हैं। प्रतिभागियों के बीच क्विज,सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। भौतिकी के सहायक प्राध्यापक डॉ.सर्वेश दूबे ने इस कार्यक्रम को विस्तारित करके पूरे कॉलेज स्तर पर आयोजित करने की आवश्यकता बतायी। बीसीए फैकल्टी प्रो.अंजना चौधरी ने कॉलेज में बीसीए विभाग के प्रारंभ से लेकर अभी तक के सफर और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए इसे और आगे ले जाने की बात कही। मीडिया प्रभारी डॉ.प्रभाकर कुमार के अनुसार इस द्विदिवसीय एनुअल टेक्निकल फेस्ट में उत्साहित प्रतिभागियों को विभिन्न तकनीकों/नवाचारों के अधिगम से परिचित होने का मौका मिलेगा।

इस तीन सदस्यीय निर्णायक मंडली में हिंदी के सहायकाचार्य डॉ. रविरंजन सिंह, बीसीए फैकल्टी प्रभात कुमार व प्रो.अनुभा शामिल रहे। बीसीए विद्यार्थियों में आकाश गौतम, बिपुल कुमार, सचिन, रितिका कुमारी, आदित्य, विशाल, जफर,अभिराज, रौशन, अंजली,आयुषी, सहित अन्य प्रतिभागियों ने अपना-अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। इस टेक्निकल समागम में मौके पर दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो.(डॉ.) राजेश सिन्हा, प्रो.अरविंद कुमार, भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो.राकेश रंजन कुमार, राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.कुमार राकेश रंजन, उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. जौवाद हुसैन, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ.संतोष विश्नोई, प्रधान सहायक राजीव कुमार, सहायक आशुतोष, संजीव किशोर सहित सभी अन्य शामिल रहे।

**अपराध** | मेहसी थाना क्षेत्र की हत्या, आंख भी निकालने की चर्चा

# पहले युवक गला रेता फिर सिर में गोली मारकर हत्या

**बीएनएम@मोतिहारी**



जिले के मेहसी थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। अपराधियों ने युवक के सिर के ऊपर से गोली मारी है। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने वारदात की जांच शुरु कर दी है।

घटना मेहसी थाना क्षेत्र के ओझिलपुर गांव की है। मृतक की पहचान ओझिलपुर गांव के रहने वाले नागेंद्र सहनी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नागेंद्र सहनी गांव में ही बने अपने गोवास पर बीती रात सोया था। सुबह में जब काफी देर तक वह घर पर नहीं आया तो परिजन उसे देखने गोवास पर गए। जहां, उसका खून से लथपथ शव पड़ा था। परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हुए। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

मृतक का शव देखकर शुरुआत में उसकी हत्या गला रेत कर करने की बात बतायी गई। साथ ही मृतक की आंख निकाल लेने की भी चर्चायें चल रही थीं। लेकिन पोस्टमार्टम में शव आने के बाद पता चला कि उसे सिर के ऊपर से गोली मारी गई है। घटना को लेकर मृतक के परिजन ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए छह लोगों को नामजद किया है। मेहसी थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा और घटना की जांच शुरू कर दी। मृतक के परिजन के तरफ से आवेदन देकर गांव के हीं छह लोगों को नामजद किया गया है।

# एनसीसी कैडेटों को अग्निवीर में बहाली का कराया अभ्यास

**बीएनएम@मोतिहारी**



जिले के अरेराज स्थित महंत शिवशंकर गिरि महाविद्यालय में 25 बिहार बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शुक्रवार को कैडेटों को शारीरिक प्रशिक्षण के क्रम में अग्निवीर में बहाली के मानकों के अनुसार अभ्यास कराया गया।

ड्रील प्रशिक्षण के क्रम में उन्हें तेज चाल चलते हुए दाहिने और बाएं सैल्यूट का तरीका बतलाया गया। इस कक्षा का संचालन सूबेदार देवबहादुर जी.टी.ने किया। इसके पश्चात ड्राई फायरिंग प्रैक्टिस का वर्ग संचालन हुआ। कैडेटों को मिलिट्री सिंबॉल कन्वेंशनल साइन की भी ट्रेनिंग दी गई जिसका नेतृत्व सूबेदार सुनील ने किया। एनसीसी पदाधिकारी थर्ड ऑफिसर रामनागेश प्रसाद द्वारा कैडेटों को जेनरल नॉलेज और जेनरल अवेयरनेस की शिक्षा दी गई। सेकेंड अफसर पवन कुमार द्वारा कैडेटों को जेनरल साइंस की शिक्षा दी गई।

वहीं थर्ड ऑफिसर विकास कुमार राय द्वारा कैडेटों को गणित विषय की शिक्षा प्रदान की गई। समय-समय पर कमांडिंग ऑफिसर सह समादेशी पदाधिकारी कर्नल प्रदीप कुमार (सेना मेडल) के द्वारा कैंप कार्यक्रमों का सम्यक निरीक्षण किया जा रहा है।

## चिरैया व रक्सौल के थानाध्यक्ष बदले, छह थानेदार लाइन हाजिर



**मोतिहारी।** पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने बड़ी कार्रवाई की है। एसपी ने बेहतर विधि व्यवस्था संधारण और उपयोगिता को लेकर जिला के दो थानों की कमान नए थानेदार को दिया गया है। वहीं छह थानेदार को लाइन क्लोज किया गया है। एसपी की इस बड़ी कार्रवाई से पुलिस महकमा में हड़कंप मचा हुआ है।

रक्सौल और चिरैया थाना में नए थानेदार की पोस्टिंग किया गया है। वहीं रक्सौल, डुमरिया घाट, छौड़ादानों, दरपा, नकरदेई ओपी, बजरंग ओपी थानेदार को लाइन क्लोज किया गया है मोतिहारी एसपी ने बेहतर विधिव्यवस्था, अपराध पर लगाम और बेहतर उपयोगिता के लेकर दो थाने में नए थानेदार का पोस्टिंग किया गया है। वहीं छह थानेदार को लाइन क्लोज किया गया है। रक्सौल थानेदार नीरज कुमार, दरपा थानेदार धर्मेंद्र कुमार, छौड़ादानों ध्रुव नारायण, डुमरिया घाट विनय मिश्रा, नकरदेई विक्रांत कुमार, जय बजरंग ओपी मनोज कुमार को लाइन क्लोज किया गया है। वहीं चिरैया थाना अध्यक्ष सुनील कुमार को रक्सौल का नया थाना अध्यक्ष बनाया गया है और प्रमोद यादव को शिकारगंज से चिरैया थानेदार बनाया गया है।

## घने कोहरे के कारण आपस में टकराई दर्जन भर वाहन, कई लोग घायल

मोतिहारी। घने कोहरे का खासा असर अब राजमार्ग पर देखने को मिल रहा है। कुहासे ने एक ओर रफ्तार को थमने पर मजबूर किया है तो वही लगातार दुर्घटनाएं भी हो रही है। इसकी मिसाल शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे जिले के पीपरा कोठी के बंगरी हरपुर ओवर ब्रिज पर देखने को मिला, जहां घने कुहासे के कारण दो ट्रक आपस में टकरा गई। दोनों वाहन के चालक अभी संभल पाते कि एक के पीछे एक वाहन टकराते चले गए और यह संख्या करीब दर्जन के समीप पहुंच गई। इसी बीच एक स्कार्पियो वाहन आगे खड़ी वाहन में टकराने से बचाव करते हुए रेलिंग में जा टकराई। अचानक ठोकर की आवाज सुन स्थानीय लोग एकत्रित हो गए।



घटना में करीब दर्जनभर लोग आंशिक रूप से घायल हुए हैं।जिन्हें स्थानीय लोगों के सहयोग से पीपराकोठी के अलग अलग निजी चिकित्सकों के पास इलाज कराया गया। इस घटना से घटना स्थल पर घन्टो तक एक लेन का आवागमन बाधित रहा।जिस कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लग गई।जिसे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सड़क से वाहनों को हटाया और जाम को समाप्त कराया।

## बिहार पुलिस: शांतिपूर्ण एवं कदाचार रहित परीक्षा संपन्न कराने हेतु अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महात्मा गांधी प्रेक्षागृह, मोतिहारी में बिहार पुलिस परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार रहित वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु संबंधित पदाधिकारियों, सभी वीक्षकों, सभी केंद्राधीक्षको एवं पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग किया गया।



विदित हो कि दिनांक 17 दिसंबर 2023 को बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना के आदेशानुसार बिहार पुलिस में पुलिस अवर निरीक्षक के 1275 पदों पर चयन /भर्ती हेतु अभ्यर्थियों की प्रारंभिक लिखित परीक्षा कदाचार मुक्त, पारदर्शी एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न किया जाना है।

जिलेभर में 18 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में यथा प्रथम पाली पूर्वाह्न 10:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक 12514 परीक्षार्थी शामिल होंगे एवं द्वितीय पाली अपराह्न 2:30 से अपराह्न 4:30 बजे तक 12513 परीक्षार्थी शामिल होंगे। स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं कदाचार रहित परीक्षा संपन्न कराने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित पदाधिकारी गण ससमय अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्षा में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाईफाई, गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, रिस्ट वॉच इत्यादि जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा व्हाइटनर, इरेज़र एवं ब्लेड जैसी सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व तक ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र, कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा अवधि के अंतिम 30 मिनट में किसी भी परीक्षार्थी को टॉयलेट /शौचालय जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मोतिहारी द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास दंड प्रधान संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व से उम्मीदवारों की सघन फ्रिस्किंग के साथ प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों के ई- एडमिट कार्ड, फोटो एवं पहचान पत्र के साथ मिलान करते हुए परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार रहित वातावरण में संचालन कराने के उद्देश्य से आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने अथवा सूचना देने के लिए नियंत्रण कक्ष में प्रति नियुक्त पदाधिकारी से सीधे संपर्क किया जा सकता है।

## जनता दरबार में 40 समस्याओं पर हुई सुनवाई

मोतिहारी। डॉ राधाकृष्णन सभागार, मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिलेभर के विभिन्न प्रखंडों से आए 40 आवेदन कर्ताओं की समस्याओं पर सुनवाई की गई।



प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा कि शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मवत निदान सुनिश्चित किया जाएगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, पंचायती राज विभाग, भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व आदि विभाग के आवेदन को शीघ्र निष्पादन हेतु उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी जनता दरबार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, महिला हेल्पलाइन, जिला स्वास्थ्य विभाग आदि उपस्थित थे।

## बिना अनुमति मुख्यालय से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध होगी कारवाई

बेतिया। पश्चिम चंपारण जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन तीव्र गति से कराते हुए ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय। योजनाओं के क्रियान्वयन में विभागीय दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन किया जाय। सड़क, पुल-पुलिया, भवन आदि का निर्माण प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही, गड़बड़ी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी सरकारी कार्यालयों को सुदृढ़ किया जाय। कार्यालयों में साफ-सफाई, रंग-रोगन सहित अन्य व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित किया जाय। सामग्रियों को यत्र-तत्र नहीं रखकर अच्छे तरीके से सुरक्षित रखा जाय। कार्यालय में विभिन्न कार्यों से आने वाले आमजनों की बातों को गंभीरता से सुने और नियमानुकूल समाधान करने की दिशा में कारगर कार्रवाई करें।

## विकसित भारत : संकल्प एवं संकल्पना' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे से बुद्ध परिसर स्थित आचार्य बृहस्पति सभागार में 'विकसित भारत : संकल्प एवं संकल्पना' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली के निदेशक 'डॉ. आशुतोष भटनागर' उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति 'प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव' जी ने किया। आयोजन समिति के संयोजक संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य 'डॉ. बबलू पाल', सह-संयोजक हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य 'डॉ. श्याम नन्दन' और 'डॉ. गोविंद प्रसाद वर्मा' थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता 'डॉ. आशुतोष भटनागर' जी का स्वागत माननीय कुलपति महोदय ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर किया। प्रो. प्रसून दत्त ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता 'डॉ. आशुतोष भटनागर' ने कहा कि विकसित भारत एक संकल्पना है और भारत को विकसित करना संकल्प है, जिस पर प्रधानमंत्री हमेशा चर्चा करते रहते हैं। मंच संचालन अंग्रेजी विभाग के सहायक आचार्य 'डॉ. उमेश पात्रा' ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर रंजीत चौधरी डॉ . जुगल किशोर दाधीच, डॉ. गरिमा तिवारी, डॉ. आशा मीणा, डॉ दीपक, डॉ अंजनी झा आदि शिक्षक उपस्थित रहे । विश्वविद्यालय की जन संपर्क अधिकारी शेफालिका मिश्रा, नगर के गणमान्य लोगों में से रविशंकर वर्मा, श्याम सुंदर, जितेन्द्र त्रिपाठी, अरुण सिन्हा ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। इस विशिष्ट व्याख्यान में सैकड़ों की संख्या में शोधार्थी और छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

Saturday 16 December 2023

# Editorial

## पुराने पैतरों पर फिर क्यों लौट रहा पाकिस्तान

संघर्ष विराम के आए दिन उल्लंघन के बीच पाकिस्तान फिर पुराने पैतरों पर आ गया है। 2021 के बाद जम्मू-कश्मीर में बढ़ी आतंकियों की सक्रियता इसका स्पष्ट संकेत है। इस साल भी सर्दी शुरु होते ही आतंकियों के हमले तेज हो गए हैं। बीते पांच दिन में पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की तीन बड़ी मुठभेड़ जाहिर करती हैं कि सीमा पार से घुसपैठ कराने की साजिश बड़े स्तर पर की जा रही है। साथ ही पाकिस्तान अपनी आर्थिक बदहाली से ध्यान हटाने के लिए भी परिवर्तन के दौर से गुजर रहे केंद्रशासित प्रदेश में माहौल सामान्य न होने का संदेश भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देना चाहता है। राजोरी में 28 घंटे से अधिक चली मुठभेड़ में सेना के दो कैप्टन समेत पांच सैन्यकर्मियों का सर्वोच्च बलिदान बताता है कि तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ के पिछले महीने पाकिस्तान लौटने के बाद वहां की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई अपने प्यादे को गद्दीनशीं करने के लिए आतंकियों को नए सिरे से खाद-पानी देने लगी है। फरवरी 2024 में वहां संसदीय आम चुनाव होना है और नवाज को चौथी बार प्रधानमंत्री बनाने की योजना है। अपने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पस्त पाकिस्तान का अपने आंतरिक हालात से ध्यान हटाना पहली प्राथमिकता है। पड़ोस में घुसपैठ और जनहानि के बूते अपने अवाम को प्रलोभन देना भी इसी का हिस्सा है। हालांकि राजोरी की मुठभेड़ में पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकीकारी समेत दो आतंकियों को मार कर सेना ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने पराक्रम का परिचय दिया है। कारी ने पहली जनवरी को जिले के ढांगरी गांव में बच्चों समेत सात हिंदुओं की हत्या कर समूचे तंत्र को दहला दिया था। राजोरी में जिस तरह सेना पर हमला किया गया है, 13 सितंबर को अनंतनाग में भी यही तरीका अपनाया गया था। गौरतलब है कि राजोरी में अक्तूबर 2021 में भी नौ सैन्यकर्मियों ने आतंकियों से जूझते हुए शहादत दी थी।

## काश, 'हलाल' पर सभी मुख्यमंत्री 'योगी आदित्यनाथ' हो जाएं !

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



उत्तर प्रदेश के अभी हाल ही में एक खबर आई और देखते ही देखते देश के 80 प्रतिशत लोगों के चेहरे खिल उठे। भारत का बहुसंख्यक हिन्दू समाज लम्बे समय से यह मांग प्रशासन से कर रहा है कि आखिर देश में मुसलमानों की संख्या सिर्फ 15 प्रतिशत है तो बाकी की 85 फीसदी जनसंख्या को 'हलाल' के नाम पर सामान खरीदने के लिए क्यों मजबूर किया जा रहा है? यहां मांसाहार में 'हलाल' का होना उनकी मजहबी मान्यताओं के अनुसार समझ में आता है किंतु किसी भी कंपनी, संस्था या छोटे दुकानदार, वस्तु निर्माता को इसके लिए मजबूर नहीं किया जा सकता कि यदि उसने 'हलाल' सर्टिफिकेट नहीं लिया है तो उसके सामान को बाजार के चलन में नहीं आने दिया जाएगा। भला, यह कैसी मनमर्जी है ? वास्तव में 'हलाल' प्रमाणपत्र के नाम पर ऐसा करनेवालों ने उन तमाम नियमों को भी एक झटके में ताक में रख दिया है, जो भारत सरकार एवं राज्य सरकारों ने फूड प्रोसेसिंग, नागरिक खाद् सुरक्षा के लिए अनिवार्य किए हैं। इसलिए ही आज इस गोरख धंधे को तुरन्त बंद कर देने की अवाज उठाई जा रही है । यह पूरा खेल हर कंपनी में 'हलाल' सर्टिफिकेट की आड़ में जबरन मुसलमानों को रोजगार दिलाने और एक अवैध समानान्तर अर्थव्यवस्था खड़ी कर लेने का है। जिससे कि आतंकवाद को पोषित करने का संदेह भी सामने आता रहा है। यह बेवजह नहीं है, इसके पीछे भी ठोस प्रमाण मौजूद हैं। मुंबई में हुए 26/11 के हमले के लिए अमेरिका के 'हलाल' प्रमाणित एक बूचड़ खाने से पैदा इकट्ठा किया गया था। इसका खुलासा तब हुआ जब इस आतंकी हमले की जांच के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकयों डेविड हेडली (दाऊद गिलानी) और तहव्वुर राणा को गिरफ्तार किया गया। भारत में आतंकवादियों को कानूनी सहायता मुहैया कराने में 'हलाल' सर्टिफिकेट से होनेवाली आय का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसका यह प्रमाण देखिए, जमीयत उलेमा ए-हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली कई केसों में आतंकवादियों को जेल से छुड़ाने के लिए [...]म कर रहा है। जर्मन बेकरी ब्लास्ट केस (मिर्जा हिमायत बेग बनाम महाराष्ट्र सरकार) - फरवरी 2010 में पुणे के जर्मन बेकरी ब्लास्ट में 17 लोगों की हत्या और 64 लोग घायल हुए थे। इस आतंकी हमले का दोषी इंडियन मुजाहिद्दीन का आतंकी मिर्जा हिमायत बेग था। पुणे की सेशन कोर्ट के स्पेशल जज एन. पी. धोते ने 18 अप्रैल, 2013 को बेग को फांसी की सजा सुनाई थी। इसे कानूनी सपोर्ट यही जमीयत उलेमा ए-हिंद हलाल ट्रस्ट मुहैया कराती रही है। यह एक दूसरा केस है, (अब्दुल रहमान बनाम कर्नाटक सरकार), अब्दुल रहमान ने रावलपिंडी में लश्कर-ए-तोइबा के आतंकी कैंप में प्रशिक्षण लिया था। साल 2004 में वह अवैध तरीके से मुंबई आया और मस्जिदों में मुसलमानों को जिहाद के नाम पर भारत के खिलाफ लड़ने के लिए उकसाता था। इसी तरह से पलारीवत्तम आईएसआईएस केस (अर्शी कुरेशी एवं अन्य बनाम केरल सरकार) यह केस फिलहाल एनआईए के अधीन है। इसके अंतर्गत केरल के रहने वाले बेस्टिन विन्सेंट ने इस्लाम धर्म अपनाकर अपना नया नाम याह्या रख लिया था। याह्या साल 2017 में आईएसआईएस में शामिल होने के लिए अफगानिस्तान भाग गया था।

**(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

Today's **Opinion**

## क्यों भारत चाहता है बांग्लादेश में शेख हसीना की वापसी



**आर.के. सिन्हा**

पड़ोसी देश बांग्लादेश में 12वां संसदीय चुनाव 7 जनवरी, 2024 को होगा और जाहिर तौर पर भारत की इन चुनावों पर करीबी नजर रहने वाली है। बांग्लादेश में नई संसद के चुनाव की घोषणा के साथ ही स्वाभाविक रूप से राजनीतिक तनाव और उपद्रव भी शुरु हो गए हैं। प्रमुख विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी ने मांग की है कि चुनाव एक गैर-पार्टी अंतरिम सरकार की निगरानी में हों। इसके नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए हैं। शेख हसीना की सत्तारूढ़ अवामी लीग ने विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया है और कहा है कि चुनाव शेख हसीना के नेतृत्व में ही होंगे। इस बीच, भारत की तो चाहत होगी कि अगले चुनाव में भी अवामी पार्टी को सफलता मिले। इसमें कोई शक नहीं है कि शेख हसीना भारत के प्रति कृतज्ञता का भाव रखती हैं और भारत भी उन्हें हर संभव सहयोग देता रहता है। शेख हसीना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंध मजबूत हो रहे हैं, जो ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों और आपसी विश्वास और समझ पर आधारित है। भारत ने शेख हसीना को विगत सितंबर के महीने में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में मित्र देश के रूप में आमंत्रित किया था। हालांकि बांग्लादेश जी-20 का सदस्य देश तो नहीं है, पर भारत ने बांग्लादेश को मेजबान तथा जी-20 के अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित करके साफ संकेत दे दिया था कि वह पड़ोसी मित्र देश को बहुत अहमियत देता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हमेशा इस तथ्य को माना है कि भारत ने बांग्लादेश की आजादी में महत्वपूर्ण रोल निभाया था। शेख हसीना के लिए भारत की राजधानी नई दिल्ली तो अपने दूसरे घर की तरह की है। उन्होंने यहां सन 1975 से 1981 के दौरान निवासित जीवन गुजारा था। तब उनके साथ उनके पति डॉ.एम.ए.वाजेद मियां और उनके दोनों बच्चे भी थे। दरअसल शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक बंग बंधु शेख मुजीब-उर-रहमान, मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त, 1975 को कत्ल कर दिया गया था ढाका में। उस भयावह कत्लेआम के समय शेख हसीना अपने पति और बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। इसलिए उन सबकी जान बच गई थीं। शेख हसीना के परिवार के कत्लेआम ने उन्हें बुरी तरह से झंझोड़ कर रख दिया था। वे टूट चुकी थी। तब भारत ने उन्हें राजनीतिक शरण दी थी। बेशक, शेख हसीना के जीवन में दिल्ली का बहुत महत्व रहा है। यहां पर उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान के नाम पर एक सड़क भी है। शेख मुजीब उर रहमान बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में केंद्रीय शख्सियत रहे थे। वे 10 जनवरी 1972 को दिल्ली आए थे। तब उनका पालम हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत हुआ था। उस दिन राजधानी में कड़ाके की सर्दी पड़ रही थीं। उन्होंने बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन में भारत के सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया था। उनका हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनकी सारी कैबिनेट ने स्वागत किया था। हवाई अड्डे पर दोनों देशों के राष्ट्रगान हुए। पालम हवाई अड्डे से लेकर राष्ट्रपति भवन तक के मार्ग पर हजारों दिल्ली वाले उनका हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। उन्होंने कोलकाता के मौलाना आजाद कॉलेज से कानून की पढ़ाई की थी और वहां पर ही वे छात्र राजनीति में शामिल हुए थे। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत-बांग्लादेश संबंध वर्तमान समय में ठीक दिशा में बढ़ रहे हैं। सन 1947 में धर्म के नाम पर पाकिस्तान बना और 1972 में पाकिस्तान टूटा। उस टूट से निकला बांग्लादेश। पाकिस्तान में एक वर्ग बांग्लादेश से इस आधार पर नाराज रहता है कि उसने 'टू नेशन थ्योरी' को गलत साबित कर दिया। जो कभी एक थे, उनमें से एक की राह अलग है, शेष दो से। वर्तमान में पाकिस्तान के भारत और बांग्लादेश दोनों से ही संबंध बेहद ही तनावपूर्ण चल रहे हैं। कमोबेश सांकेतिक राजनयिक संबंधों के अलावा भारत और बांग्लदेश ने पाकिस्तान से दूरियां बनाई हुई हैं। बांग्लादेश फूटी नजर से भी नहीं देखता पाकिस्तान को।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309 ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431


# पेट दर्द से लेकर माइग्रेन के दर्द तक, ये हैं हींग के कमाल

भारतीय खानों में हींग का उपयोग खूब किया जाता है। इसका स्वाद ज़रा तेज़ ज़रूर होता है, लेकिन इसके फायदे अनगिनत हैं। खाने में इसे मिलाने से पाचन आसान होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि हींग पाचन दुरुस्त करने के अलावा भी कई काम करता है। यह पेट में गैस से लेकर गंभीर माइग्रेन और यहां तक कि कीड़े के काटने का भी इलाज कर देता है।

### बच्चों में गैस की समस्या का समाधान करता है

शिशुओं में गैस की समस्या को कम करने के लिए इससे अच्छा उपाय और कोई नहीं है। इस जांचे और परखे उपाय को सदियों से इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए एक से दो चम्मच गुनगुने पानी में चुटकी भर हींग डालें और फिर बच्चे की नाभी के आसपास उंगलियों की मदद से लगाएं। इससे छोटे बच्चों में गैस की समस्या तुरंत ठीक हो जाती है।

### सांस से जुड़ी तकलीफों के इलाज के लिए



हींग में एंटीवायरल और एंटीइंफेक्शन गुण होते हैं। इसलिए इसका उपयोग अस्थमा, ब्रॉन्काइटिस, सूखी खांसी और जुकाम को ठीक करने के लिए किया जा सकता है। तुरंत आराम पाने के लिए आधा चमच हींग पाउडर और सोंठ में दो चम्मच शहद मिला लें। दो से तीन दिन तक इस मिक्सचर को खाएं, तो आपको सांस की तकलीफों से जल्द आराम मिल जाएगा।

### दांत दर्द में तुरंत आराम

जिस दांत में दर्द है, वहां और आसपास के मसूड़ों पर चुटकी भर हींग लगा लें। दर्द में राहत पाने के लिए दिन में इस उपाय को 2 से 3 बार करें।

### कान दर्द में फायदेमंद

सर्दी के मौसम में ठंड लग जाने से कान में दर्द कई बार हो जाता है। ऐसे में इयर ड्रोप्स के अलावा आप घरेलू उपचार पर कर सकते हैं। हींग में एंटीवायरल और एंटीइंफेक्शन गुण पाए जाते हैं, जो कान के दर्द में आराम देने का काम करते हैं। इसके लिए एक बर्तन में दो चम्मच नारियल के तेल में चुटकी भर हींग डालकर हल्की आंच पर गर्म कर लें। जब ये गुनगुना हो तब इसकी कुछ बूंदें अपने कान में डालें। इससे आपको तुरंत राहत मिल सकती है।

### सिर दर्द में आराम

सिर दर्द जब परेशान कर रहा हो, तो आप हींग आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए



हल्की आंच पर पैन रखें और उसमें एक से दो कप पानी गर्म कर लें। अब इसमें चुटकी भर हींग डालें और 10-15 मिनट के लिए गर्म होने दें। जब पानी की मात्रा थोड़ी कम हो जाए, तो गैस को बंद कर दें।

तेज़ सिर दर्द से छुटकारा पाने के लिए दिनभर इस पानी को पिएं। इसके अलावा आप हींग में गुलाब जल मिलाकर इसका पेस्ट भी तैयार कर सकते हैं और फिर इसे माथे पर लगा सकते हैं। इससे भी आराम मिलता है।

### कीड़े या सांप के काटने पर

हींग सिर्फ खाने में ही हेल्दी नहीं होती, बल्कि कीड़ों या फिर सांप के काटने का भी इलाज कर सकती है। दादी मां के निस्खों के अनुसार, हींग के पाउडर में थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को जखम पर लगा लें और सूखने दें। जब सूख जाए, तो निकाल दें।

# चाय की लत आपको बना सकती है गंभीर बीमारी का शिकार

शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जिसे चाय पीना पसंद न हो। चाय देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी काफी पसंद किया जाने वाला पेय पदार्थ है। चाय की इसी लोकप्रियता के चलते दुनियाभर में कई प्रकार की चाय प्रचलित है। हमारा मूड रीफ्रेश करने के साथ ही चाय हमारी सेहत को कई तरह के फायदे भी पहुंचाती है। वहीं, सर्दियों के मौसम में तो लोग भारी मात्रा में इसका सेवन करना शुरू कर देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि चाय की लत कई बार आपके लिए हानिकारक भी साबित हो सकती है।

दरअसल, ज्यादा मात्रा में चाय पीने से आप हड्डियों की खतरनाक बीमारी का शिकार हो सकती है। स्केलेटल फ्लोरोसिस नामक यह बीमारी आपकी हड्डियों को अंदर ही अंदर खोखला बना सकती है। अगर आप भी चाय पीने के शौकीन हैं, तो आज जानेंगे इसके अधिक सेवन से होने वाली इस बीमारी के बारे में-

### क्या है स्केलेटल फ्लोरोसिस

स्केलेटल फ्लोरोसिस हड्डियों की बीमारी है, जो अंदर ही अंदर हमारी हड्डियों को खोखला कर देती है। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को गठिया यानी अर्थराइटिस जैसा दर्द महसूस होता है। ये बीमारी खासतौर पर हड्डियों में दर्द पैदा करती है। इस बीमारी के होने पर कमर दर्द,हाथ-पैरों में दर्द और जोड़ों में दर्द की शिकायत होती है।

### चाय से हो सकता है स्केलेटल फ्लोरोसिस

अगर आप खाली पेट चाय पीते हैं या दिन में लगातार चाय का सेवन कर रहे हैं, तो इससे स्केलेटल फ्लोरोसिस का खतरा काफी बढ़ जाता है। दरअसल, चाय में मौजूद फ्लोराइड मिनरल हड्डियों के लिए बेहद नुकसानदायक होता है। ऐसे में शरीर के अंदर फ्लोराइड की मात्रा बढ़ने पर हड्डियों में स्केलेटल फ्लोरोसिस होने की आशंका बढ़ जाती है। साथ ही चाय शरीर को कैल्शियम सोखने से भी रोकता है, जिसकी वजह से इस बीमारी का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

### स्केलेटल फ्लोरोसिस के लक्षण

पेट भारी रहना
घुटनों के आसपास सूजन
झुकने या बैठने में परेशानी
दांतों में अत्यधिक पीलापन
कंधे, हाथ और पैर के जोड़ों में दर्द
कम उम्र में बुढ़ापे का लक्षण नजर आना
हाथ-पैर का आगे या पीछे की ओर मुड़ जाना
पांव का बाहर या अंदर की ओर धनुषाकार हो जाना

### दिन में कितनी चाय पीना सुरक्षित



चाय के अधिक सेवन से सिर्फ स्केलेटल फ्लोरोसिस ही नहीं, बल्कि कई अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं। खाली पेट या ज्यादा मात्रा में चाय पीने से अल्सर, हाइपर एसिडिटी, घबराहट, मलती जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं।

ऐसे में जरूरी है कि आप सीमित मात्रा में चाय का सेवन करें। दिन में तीन कप चाय का सेवन सेहत के लिए खतरनाक नहीं है। लेकिन अगर आप रोजाना तीन कप से ज्यादा चाय पी रहे हैं, तो यह आपके लिए घातक साबित हो सकता है।

# थायराइड बढ़ने पर शरीर में हो सकती हैं ये 5 परेशानियां



**गले में पाई जाने वाली थायराइड ग्रंथि सामान्य कार्य करना बंद कर देती है, तब थायराइड की समस्या आती है। थायराइड होने से शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं। थायराइड हार्मोन शरीर में डाइजेस्टिव जूस को बढ़ाने में मददगार है।**

**कई बार थायराइड होने पर ये बढ़ता रहता है। ऐसे में शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं। सही लाइफस्टाइल, संतुलित आहार और दवाइयों के सेवन से थायराइड को ठीक होने में मदद मिलती हैं। थायराइड बढ़ने पर ये 5 तरह की परेशानियां हो सकती हैं।**

### इनफर्टिलिटी

थायराइड की समस्या होने इनफर्टिलिटी की समस्या बढ़ सकती है। कई बार महिलाओं में थायराइड होने पर ओवरीज में सस्टि बन जाता है। जिसकी वजह से इनफर्टिलिटी की समस्या बढ़ सकती है। महिलाओं में अगर समय पर थायराइड का इलाज न किया जाएं, तो इनफर्टिलिटी की समस्या ज्यादा बढ़ सकती हैं।

### स्किन डिसऑर्डर

शरीर में थायराइड की ग्रंथि बढ़ने पर स्किन डिसऑर्डर जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। कई बार थायराइड बढ़ने पर स्किन पर पिंपल्स की समस्या बढ़ सकती हैं। थायराइड रहने से स्किन पर रूखेपन की समस्या भी ज्यादा देखने को मिल सकती है।

### अनियमित पीरियड्स

थायराइड बढ़ने पर कई बार अनियमित पीरियड्स की समस्या भी बढ़ सकती है। कई बार पीरियड्स का फ्लो ज्यादा या धीमा भी हो सकता हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए थायराइड को कंट्रोल करने की कोशिश करें। पीरियड्स की डेट आगे-पीछे भी हो सकती हैं।

### वजन बढ़ना

थायराइड की समस्या बढ़ने पर वजन बढ़ने की परेशानी भी हो सकती हैं। ऐसे में सही मात्रा में डाइट और दवाइयों के सेवन से थायराइड को कंट्रोल किया जा सकता है। थायराइड का स्तर बढ़ने से भूख काफी बढ़ जाती है। जिससे वजन बढ़ता है।

### कमजोरी लगना

थायराइड की परेशानी बढ़ने पर शरीर में कमजोरी हो सकती है। कई बार पैरों से सुन्न हो जाने की समस्या भी देखने को मिल सकती है। कई बार थायराइड बढ़ जाने पर शरीर में दर्द और ऐंठन का अनुभव भी हो सकता है।

थायराइड की समस्या होने पर ऊपर बताई गई परेशानियां हो सकती हैं। अगर आपको भी ये बीमारी हैं, तो डॉक्टर से पूछ कर ही दवाइयों का सेवन करें।

# गर्मियों में बेहद फायदेमंद होता है जलजीरा

गर्मियों के मौसम में अक्सर ज़्यादा खाने का मन नहीं करता है। बजाए इसके कुछ पीने का मन करता है, कुछ ऐसा जो टेस्टी हो और रिफ्रेशिंग भी और आपके मूड को बेहतर बना सके। ऐसे में एक ही ड्रिंक है जो इन सभी चीजों को पूरा करता है और वो है जलजीरा। जी हांङ्ग गर्मियों में जलजीरे से बेहतर ड्रिंक और कोई हो ही नहीं सकता है। नींबू (Lemon) और पुदीने (Mint) से बना ये ड्रिंक आपके मन को तरोताजा कर देगा। जलजीरा ताजा धनिया, सेंधा नमक, पुदीना, भुना जीरा, काली मिर्च, काली मिर्च पाउडर, काला नमक और सूखे आम पाउडर सहित विभिन्न सामग्रियों से बनाया जाता है। इतना ही नहीं यह पेट के लिए भी फायदेमंद है जानिए कैसे?

जलजीरा में काला नमक होता है, जो पाचन के लिए अच्छा होता है। यह पेट की समस्या में मदद करता है। आंतों की गैस से राहत देता है और शरीर को फिर से हाइड्रेट करता है। नींबू और पुदीने से बना जलजीरा, घबराहट और चक्कर आना की किसी भी समस्या का इलाज करता है।

यह पेट में ऐंठन, उल्टी, मासिक धर्म में ऐंठन, गठिया, आंतों की गैस और कई अन्य विकारों के उपचार में भी मदद करता है। यह आपको हाइड्रेटेड रखता है और आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालता है।

मुट्ठीभर पुदीने की पत्तियां, मुट्ठीभर धनिया की पत्तियां, कुछ आइस क्यूब्स, 1/2 इंच कद्दूकस किया अदरक, 2 टीस्पून जीरा, 1/2 टीस्पून अमचूर पाउडर, काला नमक स्वादानुसार, 2.5 ग्लास पानी, 1/2 नींबू, 1/2 टीस्पून काली मिर्च पिसी हुई

जीरा, काला नमक और अमचूर को एक साथ पीस लें। पुदीने के पत्ते और धनिया पत्ती को पर्याप्त पानी के साथ पीसकर मुलायम पेस्ट बना लें।

नींबू का रस और पिसा हुआ मसाला डालें और अच्छी तरह मिलाएं। दो लम्बे गिलासों में बर्फ के टुकड़े डालें। लिक्विड को दोनों ग्लासों में डालें और सोडा के साथ टॉप करें।

विटामिन सी की कमी में सुधार करता है: चूंकि इसमें सूखे आम या 'अमचूर' पाउडर है, जो विटामिन सी में उच्च होता है। इसलिए यह प्रतिरक्षा में सुधार करने में मदद करता है और स्कर्वी को दूर रखता है।

कैलोरी बर्न करता है: कैलोरी के प्रति जागरूक लोगों के लिए, यह एक बेहतरीन ड्रिंक है जिसे वे ले सकते हैं क्योंकि यह बहुत कम कैलोरी होती हैं।


एनीमिया को रोकता है: जीरा एनीमिया को रोकने और उसका इलाज करने में मदद करता है क्योंकि यह आयरन का उत्कृष्ट स्रोत है। यह प्रतिरक्षा में सुधार भी करता है और आपके शरीर को ठंडा रखता है।



# विटामिन-डी की कमी को दूर करने के लिए डाइट में शामिल करें ये खास चीजें

डॉक्टर हमेशा विटामिन-डी की कमी दूर करने के लिए धूप सेंकने की सलाह देते हैं। सूर्य की रोशनी विटामिन-डी का मुख्य स्रोत है। इसके लिए रोजाना प्रातः काल धूप में बैठें। इससे शरीर में विटामिन-डी की कमी दूर होती है।

सेहतमंद रहने के लिए संतुलित आहार जरुरी है। खानपान में कमी के चलते कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां आती हैं। इससे बचाव के लिए सर्वप्रथम अपने रहन सहन और खानपान में व्यापक सुधार करें। साथ ही रोजाना एक्सरसाइज अवश्य करें। विशेषज्ञों की मानें तो शरीर को प्रचुर मात्रा में कई प्रकार के विटामिन और मिनरल की जरूरत पड़ती है। इनमें किसी चीज की कमी से शरीर के विभिन्न अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। खासकर, विटामिन डी की कमी से शरीर और दांतों की हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। साथ ही मैटाबोलिक सिंड्रोम, ब्रेस्ट कैंसर, अवसाद, और डिमेंशिया आदि बीमारियों का भी खतरा बढ़ जाता है। डाइट में विटामिन-डी युक्त चीजों को जरूर शामिल करें।





### आइए जानते हैं

डॉक्टर्स विटामिन-डी की कमी को दूर करने अंडे का पीला भाग खाने की सलाह देते हैं। इसमें विटामिन-डी और प्रोटीन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके लिए रोजाना अंडे जरूर खाएं। अंडे खाने से कई अन्य बीमारियों में भी राहत मिलता है।

डॉक्टर हमेशा विटामिन-डी की कमी दूर करने के लिए धूप सेंकने की सलाह देते हैं। सूर्य की रोशनी विटामिन-डी का मुख्य स्रोत है। इसके लिए रोजाना प्रातः काल धूप में बैठें। इससे शरीर में विटामिन-डी की कमी दूर होती है।

खासकर सूर्योदय से लेकर 10 बजे तक धूप में बैठना अधिक फायदेमंद होता है। वहीं, सूर्य के विपरत मुख में बैठकर धूप सेंकना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स डाइट में मछली शामिल करने की परामर्श देते हैं।

# घर आए मेहमानों को खिलाएं सिंधी नाश्ता 'दाल-पकवान'



दाल पकवान एक सिंधी फूड है जिसको भारत में कई जगहों पर खाना बेहद पसंद किया जाता है। यह एक बहुत ही अच्छा ब्रेकफास्ट और स्नैक फूड डिश है। इसलिए आज हम आपके लिए दाल पकवान बनाने की एक आसान रेसिपी लेकर आए हैं। यह दाल और पकवान का एक बेहतरीन कॉम्बिनेशन है। अगर आप नाश्ते में कुछ टेस्टी और हेल्दी खाना चाहते हैं तो ये डिश अच्छा ऑप्शन हैं, तो चलिए जानते हैं दाल पकवान बनाने की रेसिपी-

इसको बनाने के लिए आप सबसे पहले एक प्रेशर कुकर में चने की दाल को डालें। फिर आप इसमें पानी, हल्दी और स्वादानुसार नमक डालें और मीडियम आंच पर पकने के लिए रख दें। इसके बाद आप कुकर में 5 से 6 सीटी लगाकर गैस बंद कर दें और कुकर से गैस निकलने दें। फिर प एक कढ़ाई में तेल डालकर मीडियम आंच पर गर्म करें। इसके बाद आप इसमें राई डालकर अच्छे से चटकाएं। फिर आप इसमें कटे हुए टमाटर डालें और नरम होने तक पका लें। इसके बाद आप इसमें गरम मसाला और धनिया पाउडर डालें और 1 मिनट तक पकाएं। फिर आप कुकर का ढक्कन खोलकर उसमें से दाल निकाल लें। इसके बाद आप इसमें टमाटर का मिश्रण डालकर अच्छी तरह से मिला लें। फिर आप इसको करीब 2 मिनट तक मीडियम आंच पर पकाकर गैस बंद कर दें। अब आपकी दाल बनकर तैयार हो गई है। इसके बाद आप पकवान बनाने के लए सबसे पहले एक गहरे तले का बर्तम लें्र फिर आप इसमें मैदा सहित बाकी की सारी सामग्री डालकर अच्छी तरह से मिला दें। इसके बाद आप इसमें थोड़ा-थोड़ा सा पानी डालकर सख्त आटा गूंद लें। फिर आप आटे को करीब 30 मिनट तक कपड़े से ढक्कर अलग रख दें। इसके बाद आप एक कढ़ाई में तेल डालकर मीडियम आंच पर गर्म करें। फिर आप इस आटे को लेकर इसकी लोइयां बना लें। इसके बाद आप लोई को सूखे मैदे को लपेटकर रोटी जैसा बेल लें। फिर आप कांटे वाली चम्मच की सहायता से पूरी रोटी में छेद कर दें। इसके बाद आप इन रोटियों को तेल में डालकर दोनों तरफ से गोल्डन होने तक फ्राई करें।ऐसे ही आप सारी रोटियों को अच्छी तरह से फ्राई कर लें। अब आपका स्वादिष्ट दाल-पकवान बनकर तैयार हो चुका है।

Saturday
16 December 2023

BNM Fantasy



# सना मकबूल खान फिल्मी दुनिया में धमाल

टीवी और फिल्म जगत की जानी-मानी एक्ट्रेस सना मकूबल खान का इन दिनों एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है. इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया है. दरअसल, एक्ट्रेस उप्स मूमेंट का शिकार हुई है जिस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देख कर सोशल मीडिया यूजर्स मजाक बना रहे हैं. इस वीडियो को देख कर कई लोग सना पर हंस रहे हैं, तो कुछ लोगों ने एक्ट्रेस का साथ दिया है. आप को बता दें कि टीवी एक्ट्रेस सना मकबूल खान फिल्मी दुनिया में कदम रख चुकी हैं. इन दिनों सना फिल्मी दुनिया में अपने पैर जमाने में लगी हुई हैं. एक्ट्रेस लगातार साउथ की फिल्में साइन कर रही हैं,

# अ

*सीम रिजाय से हुआ हिमांशी खुराना का ब्रेकअप*

सुपरस्टार सलमान खान के शो बिग बॉस के घर से कई सेलेब्स की जोड़ी बनती है और शो के बाद भी उनका रिश्ता कायम रहता है। लेकिन ये भी कई बार देखा गया है कि काफी समय एक दूसरे को डेट करने के बाद उस रिश्ते में दरार भी आती है। कुछ ऐसा ही हाल अब बिग बॉस 13 फेम हिमांशी खुराना और असीम रियाज हुआ है। जी हां हिमांशी खुराना और असीम रियाज का ब्रेकअप हो गया है। बिग बॉस 13 रनर अप असीम रियाज से अलग होने की सूचना हिमांशी खुराना ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर दी है। हिमांशी ने ट्विटर पर एक नोट शेयर किया है, इस नोट में हिमांशी ने इस बात की जानकारी दी है- इस नोट में हिमांशी ने इस बात की जानकारी दी है- नोट में हिमांशी ने इस बात की जानकारी दी है- "हां हम अब साथ नहीं हैं, हमने जो भी वक्त साथ में बिताया वह बहुत अच्छा रहा है। लेकिन अब हमारा साथ खत्म हो गया है। हमारे रिश्ते का जितना भी सफर था वो बहुत अच्छा रहा और अब हम अपने-अपने जीवन में आग बढ़ रहे हैं। अपने-अपने धर्मों का सम्मान करते हुए कई धार्मिक मान्यताओं के मद्देनजर रखते हुए हम अपने प्यार का त्याग कर रहे हैं। हमारे मन में अब एक दूसरे के लिए कुछ भी नहीं है। हम आपसे हमारी प्राइवेसी का सम्मान करने की इच्छा व्यक्त करते हैं।"हिमांशी खुराना और असीम रियाज की जोड़ी साल 2019 में बिग बॉस सीजन 13 से बनी थी। इस शो से बाहर आने के बाद इन दोनों का इश्क परवान चढ़ा।



# लेटेस्ट तस्वीरों में जाह्नवी का दिखा फूडी अंदाज

## *किलर लुक से जीता फैंस का दिल*



बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें जाह्नवी कपूर का नाम जरूर शामिल होगा। अपने दिलकश अंदाज से आए दिन जाह्नवी लाइमलाइट में छाई रहती हैं। इतना ही नहीं फैंस भी एक्ट्रेस की लेटेस्ट तस्वीरों और वीडियो का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर जाह्नवी कपूर की लेटेस्ट तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें जाह्नवी अपने किलर लुक्स से कहर बरपाती हुईं दिखाई दे रही हैं। दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की बेटी होने के नाते जाह्नवी कपूर को काफी जाना जाता है। अपनी मां की तरह एक्टिंग के मामले में जाह्नवी ने अपनी फिल्मों में गहरी छाप छोड़ी है। यही कारण है जो बहुत कम समय में वह इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेसेज में शुमार हो गई हैं। सोशल मीडिया पर भी जाह्नवी कपूर काफी एक्टिव रहती हैं, जिसकी वजह से आए दिन उनकी लेटेस्ट तस्वीरें जमकर सुर्खियां बटोरती हैं। इस बीच जाह्नवी कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को शेयर किया है। इन फोटो में आप देख सकते हैं कि जाह्नवी कपूर ब्लैक कलर का स्टाइलिश गाउन पहने हुए नजर आ रही हैं। अपनी बेबाक खूबसूरती के दम पर एक्ट्रेस हर किसी का ध्यान खींच रही हैं। इतना नहीं इन फोटो में जाह्नवी बेहद फूडी होती दिखाई दे रही हैं। जिसका अंदाजा आप एक्ट्रेस के हाथ में खाना और कोका कोला के जरिए लगा सकते हैं। इस साल ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई फिल्म बवाल के बाद सिल्वर स्क्रीन पर जाह्नवी कपूर की वापसी का फैंस बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गौर करें जाह्नवी की आने वाली फिल्मों की तरफ तो उसका नाम देवरा है। साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान के साथ इस मूवी में जाह्नवी लीड रोल में नजर आएंगी।